हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

11 भगवान श्रीराम जन्म व ताड़का वध का हुआ सजीव मंचन



12 आंदोलन के बाद झुका प्रशासन बातचीत



खबर संक्षेप

छह साल पुराने मामले में उद्घोषित आरोपित पकड़ा

चरखी दादरी। न्यायालय में पेशी से लगातार गैरहाजिर रहने पर उद्घोषित अपराधी को सीआईए स्टाफ दादरी ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान गांव छपार निवासी भीम सिंह के रूप में हुई है।

इसके खिलाफ वर्ष 2018 में थाना सदर दादरी में सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस अभिरक्षा से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की न्यायिक सुनवाई के दौरान आरोपित लगातार न्यायालय में पेश नहीं हुआ। अतिरिक्त मुख्य ने 21 मार्च 2024 को उसे उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया था।

राशन डिपो के लिए 10 तक स्वीकार होंगे आवेदन

चरखी दादरी/ भिवानी। जिले में उचित मूल्य की दुकानों (राशन डिपो) के लाइसेंस आवंटित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन प्रक्रिया में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। इच्छुक एवं पात्र आवेदक 10 नवंबर तक हरियाणा अंत्योदय सरल पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक नीतु ने बताया कि प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करने और पात्र परिवारों तक खाद्यान्न की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि आवेदन प्रक्रिया और पात्रता संबंधी विस्तृत जानकारी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

छह माह से नहीं पहुंचा बजट, शिक्षक अपनी जेब से कर रहे खर्च

अब 'सन्ना पोर्टल' पर लोड करने होंगे खर्चे मिड डे मील व्यवस्था गड़बड़ाने की आशंका

कुकों के मानदेय से लेकर सब्जी, दूध, आटा पिसाई व ईंधन आदि का पहले बिल लेना होगा और उसके बाद स्कूल प्रबंधक सन्ना पोर्टल पर अपलोड करेगा

भिवानी जिले में करीब 13 सौ से 14 सौ के आसपास कुक



पोर्टल पर जनरेट हुए बिल को पंचकूला की ट्रेजरी में बाई हैंडजमा करवाना होगा। वहां पर बिल वैरिफाई होने के बाद ही पैसे दुकानदार के खाते में आएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जल्द ही मिड डे मील संबंधित खर्चे के सारे बिल सन्ना (एसएनए सिंगल नोडल एजेंसी) पोर्टल पर अपलोड करने की व्यवस्था होने वाली है। अब कुकों के मानदेय से लेकर सब्जी, दूध, आटा पिसाई व ईंधन आदि का पहले बिल लेना होगा और उसके बाद स्कूल प्रबंधक सन्ना पोर्टल पर अपलोड करेगा। जो कि बाद में पंचकूला ट्रेजरी से वैरिफाई करवाने के बाद रेहड़ी या अन्य संचालकों के खाते में राशि जाएगी। अगर मीड डे मिल योजना में यह व्यवस्था लागू कर दी तो शिक्षक खर्चे के बिल व राशि के लिए पंचकूला के चक्कर काटते नजर आएंगे। फिलहाल शिक्षकों के माथे पर उक्त व्यवस्था को लेकर चिंता की लकीरें उभर आई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार की तरफ से जारी सन्ना पोर्टल पर पहले स्कूलों में तैनात कुकों का पंजीकरण करवा लिया गया है। अब केंद्र सरकार की तरफ से कुकों को प्रति माह एक हजार रुपये का मानदेय का जो शेयर मिलता है। उसके लिए पूरी प्रक्रिया करनी पडेगी। बताया जा रहा है कि सबसे पहले डीईईओ को सभी पंजीकृत कुकों के मानदेय के बिल तैयार करवाने होंगे और उसके बाद वे उन बिलों को सन्ना पोर्टल पर अपलोड करवाने होंगे। फिलहाल भिवानी जिले में करीब 13 सौ से 14 सौ के आसपास कुक कार्यरत है। हैरानी की बात यह है कि इतने कुकों का मानदेय के बिल किस तरह से बीईईओ बना पाएगा। क्योंकि उनको पॉवर ही केवल एक लाख तक के बिल पास करवाने की है। ऐसे में कुकों का मानदेय लटकने की आशंका बन गई है। रेहड़ी वाले के खाते में जाएंगे राशि

अब अन्य दुकानदारों की तरह स्कूल मुखियाओं को सब्जी, दूध, आटा पिसाई व ईंधन खरीदने पर उससे भी बिल लेना होगा। बिल लेने के बाद सन्ना पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। उस पोर्टल पर जनरेट हुए बिल को पंचकूला की ट्रेजरी में बाई हेंड जमा करवाना होगा। वहां पर बिल वैरिफाई होने के बाद ही पैसे जिस दुकानदार से कोई भी सामान खरीदा है। उसके खाते में पैसे ट्रांसफार्र होंगे। ऐसे में शिक्षकों के लिए अतिरिक्त परेशानी का कारण बन गई है। यहां यह बताते चले कि शिक्षक स्कूलों में दोपहर का भोजन के लिए दूध, सब्जी, आटा पिसाई व ईंधन खरीदते हैं। इसके लिए शिक्षा विभाग अभी तक चार रुपये 24 पैसे प्रति बच्चे के हिसाब से बजट भेजता है। अब इस राशि के लिए सन्ना पोर्टल पर अपलोड करने के बाद ही दुकानदार के खाते में पैसा जाएगा।

शिक्षकों का कहना है कि इस प्रक्रिया से कागजी कार्रवाई बढ़ने के साथ-साथ स्कूलों में पढ़ाई और अन्य विभागीय कार्य भी प्रभावित हो सकते हैं। वहीं, भुगतान में देरी होने पर दुकानदारों से उधार सामान लेना मुश्किल होगा। ऐसे में शिक्षक विभाग से व्यवस्था को सरल बनाने और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं।

मुख्यालय पर मांग भेजी

बताया जा रहा है कि सन्ना पोर्टल पर कुकों का पंजीकरण होने के बाद से स्कूलों में दूध, दही, सब्जी, आटा पिसाई व ईंधन पर खर्च होने वाले बजट की राशि नहीं पहुंच पा रही है। फिलहाल शिक्षक अपनी जेब से खर्च करके उक्त सामान की खरीद कर रहे हैं। इस बारे में कई बार शिक्षकों ने मुख्यालय पर बजट की मांग भेजी,लेकिन अभी तक बजट जारी नहीं हो पाया है। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चाहर ने बताया कि सरकार सन्ना पोर्टल की बजाए खर्चे के पैसे सीधे खाते में जारी करे। ताकि वे आसानी से सामान की खरीद कर सके। उन्होंने बताया कि सब्जी बेचने वाले रेहड़ी संचालक के पास बिल मिलना बेहद मुश्किल है। उन्होंने शिक्षा विभाग से मांग की कि अगर उन्होंने खर्चे के पैसे सीधे खाते में नहीं डालें तो वे खाना बनवा बंद कर सकते है।

स्कूली बस का स्टेयरिंग हुआ फेल, बाल-बाल बचे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

बहल क्षेत्र में स्कूली बच्चों को लाने ले जाने वाली स्कूल बसों की खराब हालत को लेकर विद्यार्थियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए है।मंगलवार सुबह बिठन गांव से बच्चों को लेकर बहल आ रही श्रीराम इंटरनेशनल स्कूल की बस का चैहड़ कलां गांव में पहुंचते ही स्टीयरिंग फेल हो गया। बस के स्टीयरिंग को कंट्रोल करने वाली रॉड टूटकर जमीन पर गिर गई, जिससे स्टीयरिंग ने काम करना बंद कर दिया। अचानक आई तकनीकी खराबी के बावजूद चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को नियंत्रित कर लिया और सुरक्षित रोक दिया। चालक की सतर्कता से बच्चों की जान जोखिम में पड़ने से बच गई और एक बड़ा हादसा टल गया। मंगलवार सुबह श्रीराम इंटरनेशनल स्कूल की बस बिठन गांव से विद्यार्थियों को लेकर बहल के लिए रवाना हुई थी। बस जैसे ही चैहड़ कलां गांव में पहुंची, अचानक बस के स्टीयरिंग रॉड में खराबी आ गई और वह टूटकर नीचे जा गिरी। इससे बस का स्टीयरिंग फ्री हो गया। अचानक स्टीयरिंग फेल होने से चालक भी एकबारगी घबरा गया, लेकिन उसने हिम्मत और सूझबूझ से काम लेते हुए बस पर नियंत्रण बनाए रखा। काफी मशक्कत के बाद बस को रोकने में सफलता मिली। गनीमत रही कि बस किसी वाहन या अन्य वस्तु से नहीं टकराई और सभी बच्चे सुरक्षित बच गए।

स्कूल में अपनी बेटी गरिमा को छोड़ने आए अभिभावक नवीन ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और चालक से पूरे मामले की जानकारी ली। इसके बाद स्कूल प्रशासन को घटना से अवगत कराया गया। स्कूल की ओर से क्रूजर गाड़ी भेजी गई, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को सुरक्षित स्कूल पहुंचाया गया।



बहल। रास्ते में खड़ी स्कूल बस।

बसों की कमी के चलते रूट पर भेजी थी गाड़ी

इस मामले में स्कूल के प्राचार्य मनोज कुमार ने बताया कि स्कूल की दो बसों को पासिंग के लिए भेजा हुआ था। बसों की कमी के कारण संबंधित बस को रूट पर भेजना पड़ा, ताकि रूट प्रभावित न हो।

ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

घटना के बाद ग्रामीणों ने स्कूल प्रशासन के प्रति नाराजगी जताते हुए बच्चों को लाने-ले जाने वाली बसों की हालत पर सवाल उठाए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस के टायरों की हालत ठीक नहीं थी। बस के टायर भी सही नहीं थे और उसकी बॉडी भी जर्जर दिखाई दे रही थी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बस की खराब स्थिति के बावजूद उसे बच्चों को लाने के लिए रूट पर भेजा गया। उन्होंने मांग की कि स्कूली बसों को रूट पर भेजने से पहले उनकी नियमित तकनीकी जांच करवाई जाए, ताकि भविष्य में बच्चों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता न हो।



जेवली में डॉग स्क्वॉड के साथ पुलिस ने चलाया सर्च ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

■ पुलिस टीम ने दो रिहायशी मकानों और उनसे संबंधित परिसरों की तलाशी ली

नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दादरी पुलिस ने मंगलवार को बाढड़ा थाना क्षेत्र के गांव जेवली में सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस टीम ने डॉग स्क्वॉड की मदद से दो रिहायशी मकानों और उनसे संबंधित परिसरों की तलाशी ली। इस दौरान किसी भी प्रकार का नशीला या प्रतिबंधित पदार्थ बरामद नहीं हुआ।

बाढड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम दोपहर के समय गांव जेवली पहुंची। यहां संजय और हरदीप के मकानों तथा संबंधित परिसरों की जांच की गई। तलाशी अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों के साथ डॉग स्क्वॉड की टीम भी मौजूद रही। प्रशिक्षित स्निफर डॉग की सहायता से मकानों के कमरों, तहखाने, पशुबाड़े, छतों और खुले अहाते की बारीकी से जांच की गई। पुलिस ने संभावित ठिकानों पर तलाशी लेते हुए मादक पदार्थों के अवैध भंडारण और बिक्री से जुड़े साक्ष्य तलाशने का प्रयास किया। कार्रवाई के दौरान स्थानीय गवाहों की मौजूदगी में तलाशी प्रक्रिया पूरी की गई। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी, बिक्री और भंडारण पर रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार निगरानी कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखना और जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने आमजन से अपील की कि नशीले पदार्थों की बिक्री, भंडारण या परिवहन संबंधी जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचित करें।

ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, पटवारी पर लगाए आरोप

■ ग्रामीणों ने समय पर काम नहीं करने और कार्यालय में नहीं रहने के आरोप लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

उपमंडल क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों की ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने जगरामबास सर्कल पटवारी पर समय पर काम नहीं करने और कार्यालय में उपलब्ध नहीं रहने के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने इस संबंध में तहसीलदार बाढड़ा को शिकायत पत्र सौंपकर पटवारी का तबादला करने की मांग की है जिस पर नायब तहसीलदार ने उनके मामले की जांच करवा कर विभागीय कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। गांव जगरामबास, हुई व मांढी आदि गांवों के मौजिज ग्रामीणों ने शिकायत पत्र में आरोप लगाया कि उनके सर्कल का पटवारी ग्रामीणों के काम समय पर नहीं करते। जब ग्रामीण अपने कार्यों के लिए कार्यालय पहुंचते हैं तो कई बार पटवारी वहां नहीं मिलते और मिल भी जाते हैं तो आवश्यक कागजात जमा करवाने के बाद अगले दिन आने की तारीख दे देते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि अगले दिन कार्यालय पहुंचने पर पटवारी उपलब्ध नहीं होते और फोन भी नहीं उठाते, जिससे उन्हें बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। सरकार का दावा है कि १० दिन में भूमि का इंतकाल अपने आप होगा परंतु पटवारी अनिल की कार्य शैली से कई कई महीनों के इंतकाल बकाया हैं। बेवजह चक्कर लगवाना उनकी कार्य शैली का हिस्सा बन गया है। ग्रामीणों ने शिकायत में यह भी आरोप लगाया कि गांव की गिरदावरी में गलतियां की गई हैं, लेकिन उन्हें दुरुस्त नहीं किया जा रहा। इससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार साहिल दलाल को शिकायत पत्र सौंपकर मामले की जांच करवाने, गिरदावरी में दर्ज गलतियों को ठीक करवाने और संबंधित पटवारी का तबादला कर उसके स्थान पर दूसरे पटवारी की नियुक्ति करने की मांग की है। शिकायत सौंपने वालों में सरपंच प्रतिनिधि विनोद जगरामबास, सरपंच कुलदीप हुई, नंबरदार धर्मबीर, नंबरदार अजीत सिंह,नंबरदार ओमबीर, चोकीदार राजेंद्र, राजकुमार, बंसीलाल, कृष्ण, लीला, सुनील व संदीप आदि शामिल रहे।



भिवानी। नायब तहसीलदार साहिल दलाल को मांगपत्र देते चार गांवों के ग्रामीण।

किसानों को न हो दिक्कतः एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ एसडीएम ने नई अनाज मंडी में पहुंचकर जांची व्यवस्थाएं

एसडीएम महेश कुमार ने मंगलवार को स्थानीय नई अनाज मंडी का दौरा कर बाजरा फसल खरीद की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मंडी में फसल लेकर आने वाले किसानों की सुविधा, खरीद प्रक्रिया, फसल के उठान, मंडी में साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मार्केट कमेटी अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में किसानों को लंब लाइनों में ना लगना पड़े, इसके लिए गेट पास, बायोमेट्रिक में दिक्कत नहीं आनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने बाजरा खरीद के बाद उसके उठान की प्रक्रिया में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम महेश कुमार ने बताया कि फिलहाल मंडी में 94404 क्विंटल बाजरे की आवक हो चुकी है, जिसमें से 45300 क्विंटल बाजरे की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा बाजरे का 2900 रुपए प्रति क्विंटल एमसपी निर्धारित किया हुआ है। सरकार द्वारा 600 रुपए प्रति क्विंटल भावांतर भरपाई दी जा रही है। बाजरे की खरीद प्राइवेट हो रही है, जिसमें किसानों को 2300 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक के भाव मिल रहा है, शेष भावांतर राशि सरकार वहन करेगी। इस दौरान मार्केट कमेटी सचिव संदीप लोहान ने एसडीएम को बताया कि रविवार को फसल की बोली नहीं लगाई जाती है। वहीं एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान मंडी प्रधान नरेश भूरू से भी बात की और मंडी में आढ़तियों की समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली।

जनगणना के बारे में जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ जनगणना के द्वितीय चरण की तैयारी समय रहते पूरी की जाए : नगराधीश

लघु सचिवालय स्थित कॉफ्रेंस हॉल में डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में जनगणना-2027 के दूसरे चरण की तैयारियों को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला की अध्यक्षता नगराधीश अनिल कुमार ने की।

इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि जनगणना का कार्य सुचारू रूप से पूरा करने के लिए तैयारियां समय रहते पूरी की जाएं। प्रथम चरण में मकानों की सूची तैयार करने का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि दूसरे चरण में घर-घर जाकर जनसंख्या की गणना की जाएगी। कार्यशाला में चार्ज अधिकारियों, सुपरवाइजरों, एन्यूमरेटरों और संबंधित कर्मचारियों की ट्रेनिंग, ड्यूटी निर्धारण तथा कार्यक्षेत्रों के सीमांकन बारे विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में चंडीगढ़ से मास्टर ट्रेनर एवं जनगणना अधिकारी जसबीर सिंह और जिला समन्वय अधिकारी सन्नी बलहारा ने जनगणना की डिजीटल कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनसंख्या गणना के लिए पीई मोबाइल ऐप और सीएमएमएस पोर्टल का उपयोग किया जाएगा। मोबाइल ऐप में 16 भाषाओं की सुविधा उपलब्ध होगी और इसके माध्यम से एन्यूमरेटर घर-घर जाकर आंकड़े दर्ज करेंगे। उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की प्रक्रिया एक अप्रैल 2026 से 14 सितंबर 2026 तक की जा चुकी है।

दीपावली से पहले वेतन और बोनस जारी करने की मांग

सीबीएलयू के कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

दीपावली से पहले हरियाणा के सभी विवि में कार्यरत हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएनएल) और अनुबंधित कर्मचारियों को अक्टूबर माह का वेतन व बोनस जारी करने की मांग उठी है। गैर-शिक्षक विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ हरियाणा संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के प्रांत महामंत्री प्रदीप कुमार के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारियों ने मंगलवार को चौ. बंसीलाल विवि की कुलसचिव के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि 6 नवंबर 2026 से पहले सभी कर्मचारियों को वेतन और बोनस का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।



भिवानी। पहले वेतन की मांग को लेकर चौ. बंसीलाल विवि की कुलसचिव ज्ञापन सौंपते हुए।

इस मौके पर संघ के प्रांत महामंत्री प्रदीप्र कुमार ने कहा कि आगामी नवंबर माह में त्योहारों और सप्ताहांत के कारण लगातार अवकाश रहने वाले हैं। इसके तहत एक नवंबर को हरियाणा दिवस का अवकाश रहेगा, 7 नवंबर को शनिवार और 8 नवंबर को रविवार का अवकाश है तथा 9 नवंबर को दीपावली महापर्व के कारण लगातार छुट्टियां रहेंगी। प्रदीप कुमार ने बताया कि 6 नवंबर के बाद बैंक और कोषागार बंद हो जाएंगे, जिसके कारण यदि समय रहते वेतन जारी नहीं हुआ तो कर्मचारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। प्रदीप कुमार ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पृष्ठभूमि का जिक्र करते हुए कहा कि वे स्वयं एक कर्मठ कार्यकर्ता रहे हैं और श्रमिकों के दर्द को भली-भांति समझते हैं।




सर्व कर्मचारी संघ मंत्री के साथ वार्ता में बनी सहमति के आदेश जारी करने की मांग, धरने की धमकी दी

भिवानी। हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल यूनियन रजिस्टर नंबर 41, मुख्यालय चरखी दादरी संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की पब्लिक हेल्थ तोशाम ब्रांच की बैठक तोशाम वाटर वर्क्स परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता तोशाम ब्रांच प्रधान संदीप सिहाग ने की, जबकि मंच संचालन ब्रांच सचिव दिवान सिंह द्वारा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि सरकार ने जल्द आदेश जारी नहीं किए, तो 24 अक्टूबर से हिसार स्थित मंत्री के कैंप कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। मुख्य वक्ता राज्य महासचिव जरनैल सिंह ने कहा कि कर्मचारियों के विभिन्न मांग मुद्दों को लेकर गत 28 जुलाई को चंडीगढ़ में पीडब्ल्यूडी एवं पब्लिक हेल्थ मंत्री रणबीर गंगवा के कार्यालय में उच्चस्तरीय वार्ता हुई थी। उस बैठक के दौरान यूनियन की मांगों पर सहमति भी बन गई थी। बैठक में सहमति बने लगभग अढ़ाई महीने का समय बीत चुका है, लेकिन अधिकारियों द्वारा अब तक उन फैसलों के आधिकारिक पत्र और अधिसूचनाएं जारी नहीं की गई हैं।

दादरी-महेंद्रगढ़ मार्ग पर रातभर चला चेकिंग अभियान, 65 वाहनों की जांच की



चरखी दादरी। जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने, मादक पदार्थों की तस्करी रोकने और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर निगरानी के लिए पुलिस ने दादरी-महेंद्रगढ़ मुख्य मार्ग पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। बीती रात को आदमपुर नाके पर की गई नाकाबंदी के दौरान पुलिस टीम ने 65 छोटे-बड़े वाहनों की जांच की और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले आठ वाहनों के चालान भी किए गए। अभियान का नेतृत्व डीएसपी साहिल ढिल्लों ने किया। उनके साथ इंस्पेक्टर जयभगवान और 16 पुलिस जवानों की टीम तैनात रही। पुलिसकर्मियों ने रात से सुबह तक नाके पर मुस्तैदी से ड्यूटी देते हुए मार्ग से गुजरने वाले वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी। देर रात बिना किसी स्पष्ट कारण के आवाजाही कर रहे 10 व्यक्तियों को रोककर उनसे पूछताछ की गई। नियमों की अवहेलना करने वाले आठ वाहनों के चालान किए गए। जिला पुलिस ने रात में सफर करने वाले लोगों से वाहन की वैध आरसी, ड्राइविंग लाइसेंस और पहचान पत्र साथ रखने की अपील की है।



रामायण फिल्म से सामने आया जटायु का पोस्टर...

नई दिल्ली। फिल्म 'रामायण' के मेकर्स ने 'जटायु' से पर्दा उठा दिया है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। इस किरदार को फिल्म में एक खास एक्टर की आवाज मिलने वाली है। फिल्म 'रामायण' के किरदारों के बारे में एक-एक करके जानकारी सामने आ रही है। मेकर्स ने एक सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि महाकाव्य के सबसे पूजनीय पात्रों में से एक जटायु को दर्शकों के सामने पेश किया गया है। इस किरदार को अनुपम खेर ने अपनी आवाज दी है। फिल्म 'रामायण' के पोस्टर में जटायु का क्लोज-अप दिखाई देता है, जिसमें उनकी गहरी और प्रभावशाली नजर खास तौर पर ध्यान खींचती है।

लाइफ Style

हरलीन

स्किन के साथ बचपन से किया बहुत स्ट्रगल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अभिनेत्री हरलीन सेठी ने ब्रोकन बट ब्यूटीफुल, कोहरा, शक: ट्रस्ट नो वन जैसे प्रोजेक्ट्स में अलग-अलग किरदार निभाए हैं। लेकिन, एक्टिंग का यह सफर उनके लिए सिर्फ किरदार निभाने तक सीमित नहीं रहा। इस दौरान उन्हें खुद को स्वीकार करना भी सीखना पड़ा।

एक्ट्रेस हरलीन सेठी ने बताया कि वह अपने गोरे-चिट्टे भाई से खुद की तुलना करती थीं। रंग को लेकर यह झिझक एक्टिंग में आने के बाद भी उनका पीछा करती रही। 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' के दौरान वह दर्शकों के कमेंट्स में भी अपनी स्किन को लेकर प्रतिक्रिया ढूंढती थीं। फिर एक वक्त ऐसा आया, जब उन्हें एहसास हुआ कि लोग उन्हें उनके रंग के लिए नहीं, उनके काम के लिए पसंद कर रहे हैं। हरलीन के मुताबिक, रंग को लेकर उनकी झिझक किसी एक व्यक्ति की कही बात से नहीं आई। वह खुद की दूसरों से तुलना करती रहीं और धीरे-धीरे यह बात उनके मन में बैठ गई। हरलीन ने कहा, 'मुझे लगता है कि ये ज्यादा सेल्फ-इनफ्लिक्टेड ही था। जब आप एक तरीके के दिखते हो और आपकी मम्मी एक अलग तरीके की दिखती हैं, तो आपको लगता है कि यार, ये कैसे है? मेरा भाई मेरी मां पर गया था। मेरा भाई भी बहुत सुंदर है। वो एकदम गोरा-चिट्टा था और मैं डस्की। तो मुझे लगता है कि ये चीज खुद से ही आई। वह बताती हैं कि बचपन से ही भाई करण के लुक्स की खूब तारीफ होती थी। 'सब उसको कहते थे कि तुम कितना सुंदर हो। हम कहीं भी जाते थे तो लोग पूछते थे कि यार, तू कब हीरो बन रहा है, तू कब एक्टर है।



हॉलीवुड मसाला



फिल्मों के साथ टीवी में कमाया नाम

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी अभिनेत्री सेल्मा ब्लेयर को रविवार को न्यूयॉर्क में गिरफ्तार किया गया है। इल्जाम है कि उन्होंने लॉस एंजिल्स से न्यूयॉर्क जा रही एक फ्लाइट में विमान परिचारिकाओं को जख्मी कर दिया। सेल्मा ब्लेयर एक अमेरिकी अभिनेत्री और लेखिका हैं। उन्होंने कई बड़ी फिल्मों में अहम किरदार निभाया है। 23 जून, 1972 को साउथफील्ड, मिशिगन में जन्मी अभिनेत्री ने क्रूएल इंटेंशन्स (1999), लीगली ब्लोन्ड (2001) और हेलबॉय (2004) में मुख्य भूमिका निभाई। यही नहीं, अभिनेत्री ने टीवी में भी बड़ा नाम कमाया है।



ब्रेकिंग बैड को दुनियाभर में दिलाई थी पहचान...

लॉस एंजिल्स। शो 'ब्रेकिंग बैड' फेम अभिनेता आरजे मिट्टे का निधन हो गया है। वह 34 साल के थे। सेरेब्रल पाल्सी नाम की बीमारी से जूझ रहे थे। मिट्टे पहली बार 2008 में शो 'ब्रेकिंग बैड' में केमिस्ट्री टीचर से ड्रग किंगपिन बने वॉल्टर व्हाइट के बेटे के रोल में दिखे थे। इस रोल ने ब्रायन क्रैंस्टन को दुनिया भर में पहचान दिलाई थी। अभिनेता के प्रतिनिधि शॉन रेली रेली ने कहा, 'सेरेब्रल पाल्सी के साथ जीने के अपने अनुभव से मिट्टे ने इस रोल में असलियत लाई। दिव्यांगता के बारे में जागरूकता और उन्हें समाज में शामिल करने के लिए एक मंच तैयार किया।' 2008 से 2013 के बीच पांच सीजन तक चली 'ब्रेकिंग बैड' को अक्सर एक क्रांतिकारी टीवी शो माना जाता है। हाल ही में इसे 21वीं सदी का सबसे बेहतरीन टीवी शो बताया था।



तमन्ना ने नवरात्रि में रखी माता की चौकी

नई दिल्ली। शारदीय नवरात्रि चल रहे हैं। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया माता रानी की भक्ति में लीन हैं। उन्होंने अपने यहां माता की चौकी रखी, जहां मृणाल ठाकुर भी पहुंचीं। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया नवरात्रि पर अपने यहां माता की चौकी रखती हैं। इस बार भी उन्होंने यह आयोजन किया। शारदीय नवरात्रि के पावन दिनों में तमन्ना के घर माता रानी का दरबार सजा। अभिनेत्री मां भगवती की भक्ति में लीन दिखीं और भजन पर झूमकर डांस किया। तमन्ना भाटिया के यहां माता की चौकी में चर्चित एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर भी पहुंचीं। उन्होंने भी माता रानी के भजन गाए और तमन्ना भाटिया के साथ भक्ति गीतों पर डांस किया। तमन्ना भाटिया ने माता की चौकी की कुछ झलकियां अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा की हैं।



कॉफी विद... के पहले एपिसोड में आएंगे

मुंबई। सेलिब्रिटी चैट शो 'कॉफी विद करण' का नया सीजन कल (बुधवार) से शुरू होगा। इस आखिरी सीजन के पहले एपिसोड में सलमान खान मेहमान बनकर आएंगे। एपिसोड का प्रोमो मेकर्स ने जारी किया है। इस प्रोमो वीडियो में सलमान, करण के ही मजे लेते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने करण को लेकर अपना शक भी जाहिर किया। जानिए इस प्रोमो में क्या है खास? प्रोमो के शुरुआत में करण कहते हैं कि एक बार एक समझदार आदमी ने कहा था- इट्स डन ब्रो.. तो मेरे शो के आखिरी सीजन की शुरूआत इससे बेहतर कौन ही कर सकता है? इसके बाद सलमान आए और उन्होंने करण को गेस्ट के सोफे पर बैठा दिया और खुद होस्ट के सोफे पर बैठे नजर आए। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि कॉफी विद करण के बाद अब कॉफी विद सलमान होगा।

टीवी मसाला



जिस शो ने बनाया स्टार, 20 साल बाद उसी मंच पर लौटे अभिजीत

नई दिल्ली। भारतीय टेलीविजन के म्यूजिक रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' के पहले सीजन के विजेता अभिजीत सावंत करीब दो दशक बाद एक बार फिर उसी मंच पर लौट रहे हैं, जहां से उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत हुई थी। साल 2005 में 'इंडियन आइडल' का पहला सीजन जीतकर अभिजीत ने देशभर में पहचान बनाई थी। अब वह सोनी टीवी के नए शो 'इंडियन आइडल लीजेंड्स रिटर्न' में भी नजर आएंगे। अभिजीत सावंत की वापसी से शो के सेट पर पुरानी यादें ताजा हो गईं। उनके साथ पहले सीजन में फाइनल तक पहुंचे और रनर-अप रहे अमित सना ने भी उनकी तारीफ की। अमित ने कहा कि इंडियन आइडल की पहचान बनाने में अभिजीत का बड़ा योगदान रहा है।अमित के मुताबिक, अभिजीत के बिना इंडियन आइडल की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने अभिजीत के पहले एल्बम के मशहूर गाने 'मोहब्बतें लुटाऊंगा' को भी याद किया, जो आज भी लोगों के बीच काफी फेमस है। शो के जज हिमेश रेशमिया ने भी अभिजीत की वापसी का खास अंदाज में स्वागत किया। उन्होंने म्यूजिकल एंट्री के साथ कहा कि अभिजीत की वापसी से यह शो ब्लॉकबस्टर बनेगा। हिमेश ने आगे कहा कि अभिजीत ने इंडियन आइडल के प्रति अपना कर्ज चुका दिया है और उन्होंने म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है। शो में वापसी को लेकर अभिजीत ने कहा कि इस मंच पर दोबारा आना उनके लिए एक खास पल है। सिंगर ने याद किया कि 20 साल पहले जब वह पहली बार इस मंच पर आए थे, तब उनके मन में घबराहट और उम्मीद दोनों थीं।

सोनाली ने सुनाया माइकल से जुड़ा किस्सा

मुंबई। 'कौन होनार करोड़पति' में शो की होस्ट माधुरी दीक्षित ने अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे से दिवंगत दिग्गज स्टार माइकल जैक्सन के आगमन के दिन के बारे सवाल किया। इतना ही नहीं, उन्होंने सोनाली से उस दौरान नौवारी साड़ी पहनने के बारे में भी काफी कुछ पूछा। हाल ही में सोनी मराठी के शो 'कौन होनार करोड़पति' में अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे शामिल हुईं। इस ग्रैंड प्रीमियर एपिसोड में भाग लेते हुए उन्होंने पॉप आइकन माइकल जैक्सन के भारत की पहली यात्रा को याद किया। सोनाली बेंद्रे ने मराठी क्विज शो 'कौन होनार करोड़पति' में दिवंगत पॉप सिंगर से जुड़ी याद शेयर की। उन्होंने बताया की उस समय माइकल से मिलने से ज्यादा उन्हें नौवारी साड़ी पहनने का उत्साह था। उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो, मैं उनकी इतनी बड़ी प्रशंसक नहीं थी। उन्होंने मुझसे कहा कि वह इस के लिए मराठी लड़कियों को लेना चाहते हैं। और उस समय, मुझे अपने दोस्तों और परिवार के लिए मुफ्त टिकट मिले थे।'



द लीजेंड ऑफ हनुमान 7 का ट्रेलर रिलीज

रौद्र रूप में लौट रहे अंजनी पुत्र

वह महान कथा फिर से लौट आई है और इस बार दांव पहले से कहीं ज्यादा बड़ा है। जियो हॉटस्टार ने 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जो इसकी सबसे पसंदीदा फ्रैंचाइजी में से एक की वापसी का संकेत है और यह अब तक का सबसे बड़ा चैप्टर है।



नई दिल्ली। 23 अक्टूबर से जियो हॉटस्टार पर 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 देख सकते हैं। इसमें हनुमान समय के पार एक सफर पर निकलते हैं ताकि वे अपनी दैवीय शक्ति की असली हद को जान सकें। नया सीजन लंका की लड़ाई को सबसे मुश्किल दौर में ले जाता है, जहां रावण अपने अब तक के सबसे भयानक रूप में सामने आता है। जब वानर सेना निराशा में घिर जाती है, तो हनुमान उस एक हथियार की तलाश में निकलते हैं जो रावण का हमेशा के लिए अंत कर सके। आखिरी हथियार की तलाश के तौर पर शुरू हुआ यह सफर जल्द ही हनुमान को युद्ध के मैदान से दूर और अलग-अलग युगों में ले जाता है - भगवान राम के भूले-बिसरे अतीत और मृत्यु के राज्य तक। इस सफर में, उन्हें एक ऐसा राज पता चलता है जो सब कुछ बदल देगा। शानदार एक्शन के साथ भावना, आस्था और दोस्ती का मेल, सीजन 7 हनुमान की यात्रा में एक दमदार नया अध्याय जोड़ता है, क्योंकि रावण के अंत की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 का प्रीमियर 23 अक्टूबर को जियो हॉटस्टार पर होगा। शरद केलकर रावण की आवाज के तौर पर लौट रहे हैं और एक बार फिर इस खतरनाक विलेन को अपनी खास आवाज दे रहे हैं। सीरीज में वापसी के बारे में बात करते हुए शरद केलकर ने कहा, 'मुझे 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' का हिस्सा बनकर बहुत मजा आया है, यह शो हमारी पौराणिक कथाओं की कुछ सबसे सदाबहार कहानियों को जीवंत करता है। शरद देवराजन, जीवन जे. कांग और चारुवी अग्रवाल द्वारा बनाई गई 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7, सीरीज की खास एनिमेशन स्टाइटल और विशाल

77 साल की उम्र में माता पार्वती बनकर हेमा ने जीता दिल

हेमा मालिनी को बॉलीवुड की ड्रीम गर्ल कहा जाता है। उनकी सुंदरता का आज भी कोई सानी नहीं है। यही वजह है कि 77 साल की उम्र में हेमा मालिनी ने मां पार्वती बनकर सभी को सरप्राइज किया। हेमा मालिनी ने 11 अक्टूबर को हैदराबाद में नवरात्रि सेलिब्रेशन के तहत अपना मशहूर डांस प्रोग्राम 'दुर्गा' पेश किया। उन्होंने 'क्लासिक कन्वेंशन सेंटर' में अग्रवाल समाज, तेलंगाना के 'आगरा डांडिया नवरात्रि' उत्सव के दौरान यह परफॉर्मेंस दी, जिसमें महाराजा अग्रसेन जयंती भी मनाई गई।

नई दिल्ली। हेमा ने इंस्टाग्राम पर परफॉर्मेंस की तस्वीरें और एक वीडियो शेयर किया, जिसमें इस भव्य प्रोडक्शन की झलक देखने को मिली। एक तस्वीर में, वह माता पार्वती के रूप में तैयार नजर आईं और उनके साथ भगवान का किरदार निभाने वाले एक एक्टर भी थे। इन तस्वीरों में उन पौराणिक किरदारों की झलक मिली जिन्हें उनके डांस परफॉर्मेंस के जरिए एक साथ लाया गया था। यह परफॉर्मेंस नवरात्रि के पहले दिन हुई थी। अपनी परफॉर्मेंस के बारे में बात करते हुए, हेमा मालिनी ने इस शुभ मौके पर अपनी वीडियो शेयर करते हुए खुशी जाहिर की। अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'कल शाम मैंने तेलंगाना के अग्रवाल समाज के 'आगरा डांडिया नवरात्रि सेलिब्रेशन' के लिए क्लासिक कन्वेंशन सेंटर में परफॉर्मेंस दी।' यह मौका 11.10.2026 को महाराजा अग्रसेन जयंती के साथ भी जुड़ा था। नवरात्रि के पहले दिन अपने सबसे मशहूर बैले 'दुर्गा' को पेश करना बहुत प्यारा और खास अनुभव था, और मैंने सच में खुद को बहुत सौभाग्यशाली महसूस किया।' अपने शानदार फिल्मी करियर के अलावा, हेमा मालिनी भरतनाट्यम से भी गहराई से जुड़ी रही हैं।



तुलसीदास से लेकर खाटू श्याम तक, 10 बड़ी फिल्मों पर दांव

हनुमान अंश के बाद सिनेमा में आएगा आस्था का सैलाब

नई दिल्ली। हनुमान अंश की सफलता ने फिल्म इंडस्ट्री में डिवोशनल फिल्म को लेकर क्रेज बढ़ा दिया है। वहीं, दर्शक भी इस तरह की फिल्मों को काफी पसंद कर रहे हैं और इसीलिए 2026 और 2027 में 10 डिवोशनल फिल्मों पर मेकर्स दांव लगाने जा रहे हैं जिन्हें लेकर 'हनुमान अंश' जैसी सफलता की उम्मीद की जा रही है।

डिवोशनल फिल्मों पर दांव लगा रहे फिल्ममेकर्स

नीम करोली बाबा के जीवन पर फिल्म के बाद अब आने वाले कुछ महीनों में डिवोशनल व्यक्तित्वों पर फिल्में आ रही हैं जिनमें गोस्वामी तुलसीदास, सांई बाबा, खाटू श्याम शामिल हैं। अपकमिंग डिवोशनल फिल्मों का ये सिलसिला रामायण: पार्ट 1 से शुरू होगा और इसके बाद लगभग 10 फिल्में और रिलीज होंगी।

'हनुमान अंश से कृष्णावतरम' ने किया करोड़ों में कारोबार

पिछले कुछ सालों में कांतारा, महावतार नरसिम्हा, कृष्णावतारम-जैसी फिल्मों की सफलता ने साबित किया है कि दर्शकों को इस तरह का कंटेंट पसंद है। इन सभी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रॉफिट कमाया और अब यही उम्मीद आने वाली डिवोशनल फिल्मों से की जा रही है।



गानों ने भी मचाया धमाल

डिवोशनल फिल्मों के साथ-साथ लोगों को इनके गाने भी खासे पसंद आए हैं। हनुमान अंश का पार्वती गाना आते ही सोशल मीडिया पर छा गया था वहीं यूट्यूब पर अब तक इसके 120 मिलियन व्यूज हो गए हैं। इसके अलावा कृष्णावतारम के सभी गाने शानदार थे वहीं 'कांतारा' का कर्मा सॉन्ग अब भी सोशल मीडिया रील्स में ट्रेंडिंग है।

क्यों सफल हुईं डिवोशनल फिल्में?

इस सवाल का सीधा जवाब है इस तरह के कंटेंट से दर्शकों का सीधा जुड़ाव। भारत का कल्चर ही इसकी पहचान है और एक बड़ी जनसंख्या भगवान में आस्था रखती है और इसीलिए डिवोशनल व्यक्तित्व से जुड़े इतिहास और कहानी में दर्शकों की खास रुचि है क्योंकि इसे वे अपने आप से जुड़ा हुआ पाते हैं।

हनुमान अंश ने दुनियाभर में कमाए 400 करोड़

सिर्फ 2 करोड़ रुपए बजट में बनी 'हनुमान अंश' ने वर्ड ऑफ माउथ के दम पर तीसरे हफ्ते से कमाई की रफ्तार पकड़ी थी। फिल्म को थिएटर्स में चलते हुए 2 महीने से ज्यादा हो गए हैं और इसने नेट इंडिया कलेक्शन में 300 करोड़ रुपए और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है।

2027 में रिलीज होंगी 10 डिवोशनल फिल्में

- **रामायण: पार्ट-** नवंबर 2026
- **वाल्मिकी रामायण-** 2026 (संभावित)
- **तेरा साईं-** फरवरी 2027
- **चिरंजीवी हनुमान: द इटरनल-** फरवरी 2027 (संभावित)
- **हारे का सहारा बाबा खाटू श्याम हमारा-** 2027
- **कृष्णावतारम पार्ट 2-** 2027 में संभावित
- **महावतार परशुराम-** दिसंबर 2027
- **राम बोला-** 2027 में फ्लोर पर आएगी
- **हनुमान अंश 2-** अनाउंस नहीं हुई है।

खबर संक्षेप

टूटी सड़कों की शिकायत म्हारी सड़क एप पर करें

चरखी दादरी। जिले में सड़कों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए नागरिक म्हारी सड़क एप का उपयोग कर सकते हैं। उपायुक्त मनदीप कौर ने जिलावासियों से अपील की है कि वे अपने आसपास सड़कों पर दिखाई देने वाली खामियों की शिकायत ऐप के माध्यम से दर्ज करवाएं, ताकि संबंधित विभाग द्वारा समयबद्ध कार्रवाई की जा सके। उपायुक्त ने कहा कि सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था के लिए सड़कों का बेहतर होना जरूरी है। इसमें आमजन की भागीदारी भी महत्वपूर्ण है।

धनराज कुंडू ने गोपाल राय से की मुलाकात

चरखी दादरी। आम आदमी पार्टी के दादरी जिला अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्य धनराज कुंडू ने दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में पूर्व कैबिनेट मंत्री गोपाल राय से मुलाकात की। इस दौरान बाढड़ा और दादरी क्षेत्र में आयोजित लोकतंत्र बचाओ पदयात्रा के दौरान कथित रूप से खड़ी की गई बाधाओं और कार्यकर्ताओं के साथ किए गए व्यवहार को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर हिमेश जाखड़ बिगोवा और आशीष कल्याण भी मौजूद रहे। धनराज कुंडू ने गोपाल राय को पदयात्रा के दौरान सामने आई समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण पदयात्रा को रोकने और कार्यकर्ताओं को परेशान करने के प्रयास किए गए।

डॉ. अरविंद शर्मा के जन्मदिन पर लगाए पौधे

चरखी दादरी। रवि इंडियन कोचिंग स्कूल द्वारा संचालित वीएम हाई स्कूल परिसर में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। संस्था निदेशक मास्टर रविंद्र वशिष्ठ के नेतृत्व में बेलपत्र सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस दौरान विद्यार्थियों से केक कटवाया गया और उनके बीच फल, मिठाई व लड्डू वितरित किए। उपस्थित लोगों ने मंत्री के दीर्घायु होने की कामना की। पौधरोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। संस्था निदेशक रविंद्र वशिष्ठ ने कहा कि जीवन के मांगलिक अवसरों पर पौधे लगाना सराहनीय पहल है।

सात दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर शुरू

भिवानी। एमएनएस राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डा. जगबीर सिंह के नेतृत्व एवं महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु मंगलवार से सात दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाएंगे। इस प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षक सोमबीर वशिष्ठ, दुर्गा स्पोर्ट्स अकादमी, भिवानी को आमंत्रित किया गया। वे अपनी टीम के सदस्य दीपक, सूरज और शुभम के साथ उपस्थित हुए जो कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि कि छात्राओं के सर्वांगीण विकास और उनमें विभिन्न प्रकार के कौशलों को विकसित करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम अति आवश्यक हैं, ताकि वे हर क्षेत्र में पारंगत हो सकें।

प्राथमिक विभाग में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता करवाई

भिवानी। हलवासिया विद्या विहार, के प्राथमिक विभाग में कक्षा पाँचवीं के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 52 विद्यार्थियों ने उत्साह, उमंग और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपनी आकर्षक वेशभूषा, प्रभावशाली प्रस्तुति और मनमोहक अभिनय से उपस्थित सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भारत माता, सैनिक, डॉ. भीमराव अंबेडकर, संविधान, रानी लक्ष्मीबाई, माता काली, माँ दुर्गा, माँ सरस्वती, जिराफ, अध्यापिका, एस्ट्रोनॉट राजस्थानी, पंजाबी,किसान तथा भगवान नरसिंह सहित अनेक विविध एवं रोचक रूप धारण किए।

आकर्षक कोल्ड आतिशबाजी दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बनीं

रामलीला में भगवान श्रीराम जन्म और ताड़का वध का किया मंचन

प्राचीन संस्कृति, संस्कारों एवं श्रीसनातन मूल्यों को जीवित रखने का सराहनीय प्रयास रामलीलाः श्याम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। रामलीला मंचन के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि



चरखीदादरी। बरात के दौरान रथ में निकाली गई झांकी। फोटो : हरिभूमि

छोटी काशी भिवानी में श्रीअग्रसेन रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित संपूर्ण रामलीला महोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम दूसरे दिन पूरी श्रद्धा, भव्यता और उत्साह के साथ जारी रहा। सेठ किरोड़ीमल पार्क में आयोजित महोत्सव में प्रतिदिन रात्रि 7 बजे से रामायण के विभिन्न प्रसंगों का सजीव एवं प्रभावशाली मंचन किया जा रहा है, जो आगामी 20 अक्तूबर तक चलेगा। महोत्सव में अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों द्वारा रामायण के विभिन्न प्रसंगों का बहुत ही प्रभावशाली मंचन किया जा रहा है। वहीं बाहर से आए विशेष कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की जा रही आकर्षक कोल्ड आतिशबाजी दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी रही, जो धार्मिक आयोजन की भव्यता में चार चांद लगा रही है।

रामलीला मंचन के दूसरे दिन कार्यक्रम के मुख्यतिथि बुजुर्ग समाजसेवी श्याम लाल नवेवाला रहे। उन्होंने द्वीप प्रज्ज्वलित कर और भगवान श्रीराम के चरणों में नमन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजकों ने मुख्यतिथि का स्वागत करते हुए समाजहित में उनके योगदान की सराहना की। महोत्सव के दूसरे दिन के मुख्य आकर्षण के रूप में श्रीराम जन्म और ताड़का वध के प्रसंगों का अत्यंत सजीव मंचन किया। कलाकारों ने सशक्त अभिनय, शानदार संवाद अदायगी और भावपूर्ण प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों को पौराणिक काल की घटनाओं से सीधा जोड़ दिया। मंच पर प्रस्तुत इन धार्मिक प्रसंगों ने जहां श्रद्धालुओं को गहरी आध्यात्मिक अनुभूति करवाई, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को और अधिक पावन व आनंदमय बना दिया। नवेवाला ने कहा कि रामलीला मंचन हमारी प्राचीन संस्कृति, संस्कारों और सनातन मूल्यों को जीवित रखने का अत्यंत सराहनीय प्रयास है। रामलीला केवल मंचन नहीं है, बल्कि यह हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, और उनके जीवन-मूल्यों से जोडने का आध्यात्मिक माध्यम है।

पुष्प वर्षा एवं जय श्रीराम के जयघोष के बीच निकली श्रीराम बारात

चरखी दादरी। श्री रामलीला कमेटी शहर दादरी की ओर से सोमवार देर शाम भगवान श्रीराम की बारात निकाली गई। हीरा चौक स्थित श्री रामलीला कमेटी परिसर में पूजा-अर्चना के साथ बरात का शुभारंभ हुआ। समाजसेवी जयभगवान मस्ताना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रामलीला मैदान से शुरू हुई बरात शहर के प्रमुख बाजारों और मार्गों से होते हुए वापस रामलीला मैदान पहुंची। कमेटी के संरक्षक रिंपी फोगाट और प्रधान रविंद्र फोगाट ने बताया कि बरात में अयोध्यावासियों के रूप में सैकड़ों लोग शामिल हुए। बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और आकर्षक झांकियों ने बरात की शोभा बढ़ाई। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर बरात का स्वागत किया। शहर के विभिन्न चौकों और बाजारों में बरात के स्वागत के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। कई श्रद्धालुओं ने घरों की छतों से फूल बरसाए और पूजा-अर्चना की। सरदार झाड़ सिंह चौक, ग्रामीण बैंक के पास और पुराने बस स्टैंड सहित कई स्थानों पर लोगों ने भगवान श्रीराम के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। आदर्श धर्मशाला पंजाबी सभा, एसएस जैन सभा, श्री श्याम दीवाने सेवादल सहारा भवन ट्रस्ट और प्राचीन श्री गणेश भक्त मंडल सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने बरात का स्वागत किया।

ट्रिब्स की संस्थापक रितु इंसान को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



भिवानी। शिक्षिका रितु इंसान को सम्मानित करते सीएम। फोटो: हरिभूमि

- सम्मान मेरे लिए केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक आशीर्वाद: रितु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

ट्रिब्स की संस्थापक, फैशन डिजाइनिंग की समर्पित प्रो. और शिक्षिका प्रतिभाशाली रितु इंसान को चंडीगढ़ में आयोजित विशेष कार्यक्रम 'हर मैदान फतेह' के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके साथ ट्रिब्स के संस्थापक एवं सीईओ रविंदर सिवाच भी उपस्थित रहे।

फैशन डिजाइनिंग सिखाने के प्रति अपने समर्पण के माध्यम से प्रतिभाशाली रितु इंसान लड़कियों और महिलाओं को पेशेवर कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर, आर्थिक रूप से स्वतंत्र और आत्मविश्वासी बनाने की दिशा में कार्य कर रही हैं। वह वंचित वर्ग की लड़कियों और महिलाओं को भी सहयोग प्रदान कर रही हैं, ताकि वे शैक्षिक अवसर प्राप्त कर सकें और बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ सकें। सम्मान प्राप्त करने पर आभार व्यक्त करते हुए रितु इंसान ने कहाः "हर लड़की और महिला को आत्मनिर्भर बनने और अपने सपनों को पूरा करने का अवसर मिलना चाहिए। मैं अपनी पूरी क्षमता के साथ उनके कल्याण के लिए कार्य करती रहूंगी। यह सम्मान मेरे लिए केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक आशीर्वाद और समाज की और भी अधिक समर्पण के साथ सेवा करने की अपार प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और फैशन डिजाइनिंग में कौशल विकास के माध्यम से लड़कियों और महिलाओं, विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों से आने वाली महिलाओं को शिक्षित और सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु।

भक्ति व आस्था के रंग में रंगी छोटी काशी

भिवानी। हरियाणा की काशी भिवानी नगरी भिवानी में सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और जनकल्याण की भावना को मजबूत करने वाली अढ़ाई कोसी नगर परिक्रमा निरंतर श्रद्धा का केंद्र बनी हुई है। स्थानीय हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम परिवार की ओर से युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट के बैनर तले बालयोगी महंत चरणदास के सान्निध्य में निकाली जा रही नगर परिक्रमा ने मंगलवार को 18 माह का सफर पूरा कर लिया। इस विशेष अवसर पर शहर में भव्य नगर परिक्रमा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म और आस्था के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट की। नगर परिक्रमा के दौरान भिवानी शहर भक्तिमय वातावरण से सराबोर दिखाई दिया। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए, धार्मिक धुनों पर झूमते और प्रभु के जयकारे लगाते हुए परिक्रमा मार्ग पर आगे बढ़े। परिक्रमा में शामिल श्रद्धालुओं ने शहर के सभी 12 ऐतिहासिक दरवाजों तथा विभिन्न मंदिरों के दर्शन किए।

भाजपा नेता जयसिंह ने किया गोशाला का दौरा, गोवंश को गुड़ खिलाया

- भारतीय संस्कृति में गोवंश की सेवा एवं संरक्षण को सर्वोपरि एवं सबसे बड़ा पुण्य कार्य: जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। गोवंश को गुड़ खिलाते वरिष्ठ भाजपा नेता जयसिंह वाल्मीकि।

समाजसेवा और धर्म-कर्म के क्षेत्र में सकारात्मक पहल के तहत मंगलवार को वरिष्ठ भाजपा नेता जयसिंह वाल्मीकि ने गांव बलियाली गोशाला का दौरा किया। उन्होंने अपने साथियों के साथ वहां मौजूद गोवंश को गुड़ खिलाया तथा उनकी देखरेख, स्वास्थ्य व व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने पशुओं की बेहतरीन देखभाल और उनकी सेवा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। वाल्मीकि ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौवंश की सेवा एवं संरक्षण को सर्वोपरि है। बेसहारा एवं जरूरतमंद पशुओं की सेवा करना न केवल मानवीय कर्तव्य है, बल्कि ये सबसे बड़ा पुण्य कार्य भी है।

इस अवसर पर श्रीकृष्ण गौशाला के उपाध्यक्ष बलविंद्र सिंह सांगवान, किसान नेता फूलसिंह देशवाल, बलवानसिंह धानक व नरेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

शिविर में 500 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांचा और 100 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



स्वर्गीय अनिल संगई, सह-संस्थापक, कदम मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल, भिवानी की जयंती के उपलक्ष्य में उनके सुपुत्र मिकी संगई की प्रेरणा से मंगलवार को कदम अस्पताल द्वारा फ्रीडम ब्लड बैंक एवं संगई हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 100 से अधिक लोगों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया, वहीं 500 से अधिक मरीजों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन प्रतिनिधि भवानी प्रताप उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त अमन सराफ, राहुल राणा, रितेश मित्तल एवं सत्यनारायण सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पी.के. आनंद, डॉ. एस.एस. धनखड़, डॉ. साधना सहित अन्य चिकित्सक तथा चीफ एडमिनिस्ट्रेटर अनिल चंद्र सिंह रावत एवं अस्पताल के कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने के लिए प्रेरित किया।

वाद-विवाद में तनिशा ने मारी बाजी

चरखी दादरी। गांव बहु स्थित राजकीय महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग की ओर से वाणिज्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 24 छात्राओं ने भाग लेते हुए अपने विचारों और तर्कों के माध्यम से विषय के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में बीकॉम प्रथम वर्ष की तनिशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीकॉम तृतीय वर्ष की पूनम दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि बीकॉम तृतीय वर्ष की खुशबू और बीकॉम द्वितीय वर्ष की तन्नू ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार भारद्वाज के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने कहा कि वाद-विवाद जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, अवलोकन शक्ति और नेतृत्व कौशल को विकसित करने में सहायक हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन सुनील कुमार कलकल ने किया। निर्णायक मंडल में डॉ. रीना और डॉ. सुचित्रा शामिल रहीं। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार, डॉ. रविंद्र सिंह सहित महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



चरखीदादरी। महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में मौजूद स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी।

राम जन्मोत्सव के वर्णन से भक्तिमय हुआ श्रीराम कथा का तीसरा दिन

संवेदनशीलता में निहित वास्तविक महानता: झूलनदास

बाल लीलाओं और गुरु-शिष्य परंपरा के प्रसंगों से श्रद्धालुओं को मिली संस्कारों की प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। आयोजित रामकथा में प्रवचन देते संत झूलन दास व उपस्थित श्रद्धालु।

प्रभु श्रीराम का जन्म केवल अयोध्या में एक राजकुमार का अवतरण नहीं, बल्कि धर्म, मर्यादा, करुणा, त्याग और मानवता की स्थापना का दिव्य संदेश है।

भगवान श्रीराम का जीवन प्रत्येक व्यक्ति को सत्य के मार्ग पर चलने, अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने और समाज में सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा देता है। यह विचार पूज्य संत श्री रामझूलन दास जी महाराज ने अखिल भारतीय श्री दादू सेवक समाज के तत्वावधान में राजश्री बैंक्वेट हॉल में आयोजित श्रीराम कथा के तीसरे दिन व्यक्त किए। कथा के दौरान प्रभु श्रीराम के जन्म, बाल लीलाओं तथा शिक्षा-दीक्षा के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। राम जन्म के प्रसंग पर कथा स्थल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया। संत रामझूलन दास महाराज ने प्रभु श्रीराम के जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है और मानवता अपने आदर्शों से भटकने लगती है, तब धर्म और सत्य की स्थापना का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। भगवान श्रीराम का अवतरण धर्म की रक्षा, अधर्म के विनाश और मानव जीवन को आदर्श दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से हुआ। उनका जीवन सिखाता है कि परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, व्यक्ति को सत्य, न्याय और सदाचार का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए।

कथा में किया बाल लीलाओं का वर्णन

कथा के दौरान संत श्री ने प्रभु श्रीराम के बाल्यकाल की मनोहारी लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान का बाल स्वरूप वात्सल्य, प्रेम, सरलता और आनंद का प्रतीक है। बाल लीलाएं मनुष्य के अंतर्मन में भक्ति भाव जागृत करने के साथ जीवन में सहजता, निश्छलता और विनम्रता अपनाने की प्रेरणा देती हैं। प्रभु श्रीराम का अपने माता-पिता, भाइयों और परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति प्रेम तथा सम्मान पारिवारिक संस्कारों की महत्ता को दर्शाता है।

न्यूज डायरी



शिविर में 200 विद्यार्थियों की आंखें जांची

भिवानी। तिगड़ाना (भिवानी) स्थित राइजिंग स्टार कॉन्वेंट स्कूल में बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विशेष निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रसिद्ध आईक्यू हॉस्पिटल और स्कूल प्रशासन के सहयोग से लगाया गया। शिविर का शुभारंभ स्कूल के प्रिंसिपल ने किया। इस मौके पर आईक्यू हॉस्पिटल से आए 4 नेत्र विशेषज्ञों की एक टीम ने स्कूल के 200 छात्र-छात्राओं की आंखों की गहन जांच की। डॉक्टरों की टीम ने बच्चों के विजन, आंखों के सामान्य इन्फेक्शन और अन्य समस्याओं को चेक किया। जिन बच्चों की नजर कमजोर पाई गई या आंखों में कोई परेशानी मिली, उन्हें मौके पर ही मुफ्त दवाइयां दी गईं।



अतीत की विरासत में छिपे भविष्य के सूत्र: गणेश

लोहारू। चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में 'प्राचीन भारत में ग्रामीण सभ्यता और संस्कृति' विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में त्रिलोक सिंह अनुसंधान एवं विकास संस्थान,सीकर के निदेशक और पुरातत्ववेत्ता श्री गणेश बेरवाल उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अतीत की विरासत में भविष्य के सूत्र छिपे हैं। इतिहास केवल हमें अतीत की जानकारी ही नहीं देता, बल्कि भविष्य को समझने और उसे बेहतर बनाने की दिशा भी दिखाता है।

सीबीएलयू में आज होगा कार्यशाला का आयोजन

भिवानी। सीबीएलयू भिवानी के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी विभाग तथा गणित विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए एआई एम्पावर्ड लर्निंगः टूल्स, एप्लीकेशंस एंड फ्यूचर स्किल्स विषय पर कार्यशाला का आयोजन 14 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा। विवि से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्यशाला विश्वविद्यालय परिसर स्थित रामानुजन ब्लॉक के भूतल पर स्थित सेमिनार हॉल में प्रातः 11:30 बजे से आयोजित होगी। इसमें कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, गणित, रसायन विज्ञान तथा भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी भाग लेंगे।

विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं

भिवानी। महम गेट स्थित श्री हरियाणा शेखावाटी ब्रह्मचर्य आश्रम संस्कृत महाविद्यालय में शास्त्री प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु भव्य एवं फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ विद्यार्थियों ने अपने नवागंतुक कनिष्ठ साथियों का स्नेह और उत्साह के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, शास्त्रीय परंपरा और आधुनिक युवा ऊर्जा का सुंदर समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। विशेष रूप से छात्रा हिमानी, सोनम और बुलबुल ने पारंपरिक हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया और अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। पारंपरिक लोकगीतों पर उनकी ऊर्जावान और सधी हुई प्रस्तुति ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया।

प्रो. दिनेश कुमार मदान को मिला 425वां स्थान



भिवानी। सीबीएलयू भिवानी के गणित विभाग के प्रो. दिनेश कुमार मदान ने शोध एवं अकादमिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्हें स्कोलर्ली इंडैक्स द्वारा जारी टॉप1000 स्कॉलर्स 2026 की सत्यापित रैंकिंग में विश्व स्तर पर 425वां स्थान प्रदान किया गया है। यह रैंकिंग वर्ष 2021 से 2025 की प्रभाव अवधि के दौरान उनके शोध कार्यों के मूल्यांकन पर आधारित है। प्रमाणपत्र के अनुसार, प्रो. मदान को प्रत्यास्थता एवं तरंग प्रसार शोध विषय में विश्व के शीर्ष 1000 विद्वानों की सूची में स्थान मिला है। इस विषय में उन्हें विश्व स्तर पर 1000 विद्वानों के बीच 65वीं रैंक भी दर्शाई गई है। प्रमाणपत्र में उनका इम्पैक्ट स्कोर 47.57 तथा एच-इंडेक्स 3 दर्ज है। यह उपलब्धि गणित एवं अनुप्रयुक्त गणित के क्षेत्र में उनके शोध योगदान और अकादमिक गतिविधियों को रेखांकित करती है।

खबर संक्षेप

बोर्ड समय पर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्धः चेयरमैन

भिवानी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन शंकरलाल धूपड़ ने मंगलवार को बोर्ड मुख्यालय में प्रमाण पत्र शाखा सहित विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य बोर्ड में आने वाले विद्यार्थियों और आमजन को मिलने वाली सभी सुविधाओं व सेवाओं को समय पर सुनिश्चित करना है। बोर्ड चेयरमैन शंकरलाल धूपड़ ने सख्त लहजे में कहा कि बोर्ड प्रशासन विद्यार्थियों और आम नागरिकों के प्रति अपनी जवाबदेही को लेकर पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बोर्ड कार्यालय में आने वाले किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े और उनके सभी कार्य पूरी तरह समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं।

हनुमान शर्मा ने डॉ. सुधा यादव को दी बधाई

बहल। हरियाणा की पूर्व लोकसभा सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री डॉ. सुधा यादव को कर्नाटक का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर भाजपा नेता हनुमान शर्मा पाजू ने खुशी जताते हुए इसे हरियाणा के लिए गर्व का विषय बताया। उन्होंने इस नियुक्ति पर डॉ. सुधा यादव को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। हनुमान शर्मा पाजू ने कहा कि डॉ. सुधा यादव अपने कुशल नेतृत्व से राज्यपाल के पद की गरिमा को और बढ़ाएंगी तथा कर्नाटक के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

माइनर की सफाई नहीं होने से किसान परेशान

चरखी दादरी। जिले में सिंचाई विभाग की ओर से खेतों की टेल तक नहरी पानी पहुंचाने के दावों के बीच सांजरवास माइनर की बदहाली किसानों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। माइनर की लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण अंतिम छोर तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा। माइनर के साथ लगते हिंडोल और सांवड़ सहित आसपास के गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त नहरी पानी नहीं मिल रहा, ऐसे में उन्हें फसलों की सिंचाई के लिए ट्यूबवेल का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है। किसानों का कहना है कि माइनर की समय पर सफाई नहीं होने से उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है।

जनहित के कार्यों में लापरवाही एवं गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं होगाः सांसद

विकास कार्यों का मांगा ब्यौरा और लंबित परियोजनाएं पूरी करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह ने मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और जिलेभर में चल रहे विकास कार्यों एवं लंबित परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने वर्ष 2014 से अब तक स्वीकृत, शुरू किए गए और लंबित सभी सार्वजनिक विकास कार्यों की विभागवार विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में देरी से आम लोगों को परेशानी होती है, ऐसे में सभी विभाग अपने स्तर पर लंबित परियोजनाओं की समीक्षा करें और उन्हें निर्धारित समय सीमा में पूरा करवाना सुनिश्चित करें।

सांसद ने अधिकारियों से बजट एवं देरी के कारणों की मांगी रिपोर्ट

रिपोर्ट में सभी चीजों का स्पष्ट विवरण दिया जाए

सांसद धर्मबीर सिंह ने उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिपोर्ट में प्रत्येक योजना की स्वीकृति, अब तक खर्च हुई राशि, उपलब्ध बजट और अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता का स्पष्ट विवरण दिया जाए। इसके अलावा रिपोर्ट में पूर्ण एवं अधूरे कार्यों की स्थिति बताने के साथ लंबित रहने के कारणों का भी उल्लेख करने का आह्वान किया। वहीं इनमें प्रशासनिक देरी, बजट की कमी और ठेकेदारों की लापरवाही जैसे पहलुओं की जानकारी शामिल करने के निर्देश दिए। सांसद धर्मबीर सिंह ने विकास कार्यों में तेजी लाने और भविष्य में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए सुझाव भी मांगे। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित के कार्यों में लापरवाही एवं गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। सरकारी धन का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के अनुसार समय पर होना चाहिए। लंबे समय से अटकी परियोजनाओं को प्राथमिकता देकर पूरा किया जाए। सांसद धर्मबीर ने विभिन्न विभागों में लंबित फाइलों और विकास प्रस्तावों का शीघ्र निपटारा करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए, इसके लिए अधिकारी नियमित रूप से लोगों की समस्याएं सुनें और जरूरत पड़ने पर मौके पर जाकर समाधान करें।



भिवानी। अधिकारियों को दिशा निर्देश देते सांसद धर्मबीर सिंह।

भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर जनता को कांग्रेस की झूठी नीतियों से करवाएं अवगतः सांसद धर्मबीर


बाढ़ड़ा। सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि मतदाता सूची का पुनर्निरीक्षण पहलें की सरकारों में भी हुआ है और आज के मौजूदा दौर व समय की जरूरत है और केन्द्रिय मुख्य चुनाव आयोग की अगुवाई में ये पूरी तरह पारदर्शी तरीके से संचालित किया जा रहा है। विपक्ष को केवल झूठे आरोप या बार बार प्रदर्शन के नाम पर हर वर्ग को परेशान किया जा रहा है। विपक्ष को जनता नकार रही है और वह अपनी नीतियों में बदलाव की बजाय देश की ईमानदार संस्थाओं को दोषी ठहरा कर माहौल खराब कर रही हैं। सांसद धर्मबीर सिंह मंगलवार को दी केन्द्रिय सहकारी बैंक चेयरमैन सुधीर चांदवास के आवास पर ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे थे । उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव गांव जाकर जनता को कांग्रेस की झूठी नीतियों से अवगत करवाएं। इस मौके पर उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष राष्ट्रदीप परमार, दी केन्द्रिय सहकारी बैंक चेयरमैन सुधीर चांदवास, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश शर्मा, बलवान, कुलदीप शास्त्री आदि मौजूद रहे।

एसई बोले: जनवरी के अंतिम सप्ताह तक शुरू होगी टैंकों की सफाई

आंदोलन के बाद झुका प्रशासन बातचीत के लिए बुलाए पार्षद

समाधान नहीं हुआ तो पार्षद फिर उतरेंगे सड़कों पर : सुभाष

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी


भिवानी। अधीक्षक अभियंता से बातचीत करता नगरपार्षदों का प्रतिनिधिमंडल।

डॉबर कॉलोनी स्थित जलघर के टैंक की सफाई की मांग को लेकर नगर पार्षदों का आंदोलन के आगे प्रशासन झुक गया। एक दिवसीय धरने के बाद पब्लिक हेल्थ विभाग ने बातचीत के लिए नगरपार्षदों को बुलाया और करीब दो घंटे तक टैंक की सफाई को लेकर मंथन हुआ। पब्लिक हेल्थ विभाग के अधीक्षक अभियंता ने जनवरी माह के अंतिम सप्ताह तक जलघर के टैंकों की सफाई करवाने का आश्वासन दिया। क्योंकि उनका तर्क था कि अभी टेंडर की फाइल सीएम कार्यालय में गई हुई है।

फाइल वहां से आते ही सफाई का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। इस दौरान नगरपरिषद के पार्षदों ने चेतावनी दी कि अगर जलघर के टैंकों की सफाई शीघ्र नहीं हुई तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह, पार्षद सुभाष तंवर की अगुवाई में सभी पार्षद पब्लिक हेल्थ विभाग के अधीक्षक अभियंता सुनील रंगा के कार्यालय में पहुंचे। चूंकि नगर पार्षदों ने दो दिन पहले टैंकों की सफाई की मांग को लेकर जलघर परिसर में धरना दिया था। उसके बाद पब्लिक हेल्थ विभाग ने पार्षदों को बातचीत के लिए बुलाया था। उसी के चलते सभी पार्षद आज एसई के पास पहुंचे। पार्षदों ने बताया कि डॉबर कॉलोनी स्थित जलघर के सभी टैंकों में पानी कम शिल्ट ज्यादा है। जब पानी की सप्लाई दी जाती है तब पानी के साथ शिल्ट लोगों के घरों तक पहुंचती है।

साथ ही ज्यादा शिल्ट की वजह से टैंकों की स्टोरेज क्षमता भी घट गई है। जिस वजह से गर्मियों में स्टाक कम रहने से पीने के पानी का संकट बनता है। साथ ही नगरपरिषद पार्षदों ने बताया कि दूषित पानी की सप्लाई कई इलाकों में बीमारी फैलने की भी आशंका बन गई है।

करीब दो से ढाई घंटे तक पार्षदों व पब्लिक हेल्थ विभाग के आला अधिकारियों के बीच बातचीत हुई। इस मौके पर मनोज खनगवाल, पवन सैनी, बिल्लू बादशाह, अभिषेक दुग्गल, महाबीर देवसरिया, विनोद प्रजापत, पार्षद प्रतिनिधि अनिल कुमार के अलावा कई अन्य पार्षद उपस्थित थे।

जल्द समाधान का आश्वासन

पार्षद सुभाष तंवर व संदीप यादव ने बताया कि आज उनको पब्लिक हेल्थ विभाग के अधीक्षक अभियंता ने बुलाया था और उनकी समस्या का जल्द ही समाधान करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारी के समक्ष बताया कि पूरा शहर दूषित पानी पी रहा है। जल्द सफाई करवाई जाए। इस पर अधिकारी तीन माह के भीतर सफाई शुरू करवाने का भरोसा दिलाया है। अगर निर्धारित समय में सफाई नहीं करवाई तो फिर से सड़कों पर उतरेंगे और अनिश्चितकालीन आंदोलन चलाने पर मजबूर होंगे।

सीएम हाउस पहुंच चुकी है फाइल : एसई

पब्लिक हेल्थ विभाग के अधीक्षक अभियंता सुनील रंगा ने बताया कि जलघर के टैंकों की सफाई की फाइल सीएम हाऊस पहुंच गई है। जल्द ही फाइल पास होकर वहां आएगी और आते ही टैंकों की सफाई के टेंडर लगवा दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि उक्त प्रक्रिया में करीब ढाई से तीन माह का समय लगेगा। जनवरी माह के अंतिम सप्ताह तक टैंक की सफाई का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। वे लगातार सीएम हाऊस में तैनात अफसरों के साथ तालमेल बनाए हुए है।

इशिका व उनके पिता को किया सम्मानित

- इशिका ने एशियाई हॉकी प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण, देश का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी


भिवानी। स्कूल की पूर्व छात्रा गोल्ड मेडलिस्ट ईशिका का सम्मान करते स्कूल प्रबंधक व शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

भारतीय हॉकी टीम की सदस्य एवं केरियर प्लेनेट पब्लिक स्कूल की पूर्व छात्रा इशिका संभ्रवाल मंगलवार को अपने पूर्व स्कूल में पहुंचीं। इस अवसर पर उनके साथ उनके पिता भी मौजूद रहे। स्कूल में पहुंचने पर स्कूल प्रशासन ने उन्हें और उनके पिता को सम्मानित किया। इस अवसर पर इशिका अपने छात्रों के साथ अपने अनुभव सांझा किए और छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

बच्चों ने चक दे इंडिया से किया स्वागत

इस शानदार उपलब्धि के बाद इशिका ने अपने विद्यालय कैरियर प्लेनेट पब्लिक स्कूल का दौरा किया। इस मौके पर बच्चों ने चक दे इंडिया डांस और स्वागत गीत गाकर इशिका व उनके पिता वीरेंद्र कुमार का स्वागत किया। इशिका ने विद्यार्थियों से अपने अनुभव सांझा किए और अपने सपने देखने, निरंतर मेहनत करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने को प्रेरित किया। इस मौके पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रभावशाली विद्यार्थियों को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। विद्यालय परिवार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इशिका के कोच व पिताजी ने भी बच्चों को संबोधित किया व जीवन में सफलता के लिए गुरुमंत्र दिया।

आईटीआई में 22 युवाओं ने किया रक्तदान

चरखी दादरी। सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को शहीद नरेंद्र कुमार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रावलधी में रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सिविल अस्पताल की मेडिकल टीम ने सेवाएं दीं। शिविर में 22 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जबकि करीब 50 विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। संस्थान के प्रधानाचार्य दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस अवसर पर अनुदेशक श्रीनिवास, राजेंद्र सिंह, विकास कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

महिलाओं को दी संतुलित पौष्टिक आहार और पोषण की जानकारी


भिवानी। आंगनबाडी में महिलाओं को पोष्टिक आहार व पोषण की जानकारी देते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

चांग गाँव में आयोजित पोषण पंचायत कार्यक्रम में बाल विकास विभाग की अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य में सुधार, गर्भावस्था के दौरान संतुलित पौष्टिक आहार और पोषण के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि मौसम फसल व खादय सामग्री(खीरा, केला प्रोटीन बार व हरी पत्तेदार सब्जियों) का सेवन से ही आयरन-फोलिक एसिड, फोलिक एसिड, कैल्शियम, प्रोटीन और विटामिन्स की कमी को पूरा किया जा सकता है। खान पान में थोड़ी सी सावधानी बरत कर गर्भवती महिलाएं व छोटे बच्चों का बेहतरीन स्वास्थ्य रखा जा सकता है। उक्त कार्यक्रम एडीसी बाबूलाल कारवा के आदेशानुसार, सुपरवाइज़र पूजा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

रविना बनेटा को एचसीएस परीक्षा पास करने पर युवा कल्याण संगठन ने किया सम्मानित


तोशाम। हरियाणा सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाने वाली रविना बनेटा (धारवानबास) को युवा कल्याण संगठन ने उनके घर जाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने कहा कि रविना को उनकी इस ऐतिहासिक सफलता पर पटका व स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कमल प्रधान ने कहा कि रविना की यह शानदार सफलता भिवानी सहित पूरे प्रदेश के युवाओं, विशेषकर प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। रविना के दादा डॉ. रणधीर सिंह पशु चिकित्सक, पिता सुरेन्द्र बनेटा, माता राजमती, अनिल शेषमा, जितेन्द्र भोलू, सविता कुमारी, रोहित, महेन्द्र बनेटा, मास्टर बलवान, सचिन, सुबे सिंह, राजीव सांगवान, अशोक मलिक, अमित अत्री कुड़ल सहित उपस्थित सदस्यों व पदाधिकारियों ने रविना बनेटा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

एचडी स्कूल में रजत फौगाट को किया सम्मानित, दिया सफलता का मंत्र


चरखी दादरी। एचडी स्कूल में रजत फौगाट का स्वागत करते स्टाफ सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

हरियाणा सिविल सर्विस परीक्षा में छठी रैंक हासिल करने वाले रजत फौगाट के अपने पुराने विद्यालय एचडी स्कूल बिरोहड़ पहुंचने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय परिवार ने बैंड-बाजे के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी।

रजत ने विद्यार्थियों के साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया और बचपन की यादें सांझा कर उन्हें लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। रजत फौगाट ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है। जरूरत उसे पहचानकर सही दिशा में प्रयास करने की है।

विद्यालय निदेशक बलराज फौगाट ने कहा कि उनका सपना एचडी की प्रत्येक शाखा से विद्यार्थियों को अधिकारी बनते देखना है। बलजीत नेहरा ने विद्यार्थियों को अपनी अलग पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। सुरेंद्र फौगाट ने स्वाध्याय की आदत विकसित करने का संदेश दिया।

कोच महेन्द्र का किया अभिनंदन

- प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय कोच महेन्द्र सहारण का गांव चांदवास की धूपसिंह एकेडमी में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढ़ड़ा


बाढ़ड़ा। गांव चांदवास की धूपसिंह वालीबाल एकेडमी में अंतरराष्ट्रीय कोच महेन्द्र सहारण का अभिनंदन करते खेलप्रेमी। फोटो: हरिभूमि

जापान में आयोजित एशियन गेंस में वालीबाल खेलों के प्रथम रैफरी की जिम्मेदारी लेने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुभवी व पारदर्शी फैसलें देने के लिए प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय कोच महेन्द्र सहारण का गांव चांदवास की धूपसिंह एकेडमी में पहुंचने पर खिलाडिय़ों ने अभिनंदन किया। कोच महेन्द्र सहारण ने भी खिलाडिय़ों को खेल क्षेत्र में आ रहे बदलाव व खानपान को लेकर आवश्यक जानकारी सांझा की तथा भविष्य में राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय खेलों के लिए चयन होने वाले खिलाडिय़ों को गुरुमंत्र देने का भरोसा दिया।

शॉल व स्मृति चिह्न भेंट किया

एकेडमी परिसर में अंतरराष्ट्रीय वालीबाल खिलाड़ी व अब रैफरी का कार्यभार देखने वाले महेन्द्र सहारण के अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दी केन्द्रीय सहकारी बैंक भिवानी चेयरमैन सुधीर चांदवास ने कहा कि बड़े ही गौरव की बात है कि हमारे क्षेत्र की प्रतिभा अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में रैफरी के तौर पर पारदर्शी फैसलें लेकर इस धरा का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों व खेल संगठनों ने कोच सहारण को शॉल व स्मृति भेंट कर सम्मानित किया। अभिनंदन कार्यक्रम में सरपंच प्रदीप कुमार, खेल प्रशिक्षक संजय डीपी, एसआई संजय जेवली, लीलाराम बडेसरा, कोच ओमबीर सिंह, सूबेदार राजेश, बानबीर किष्कंधा, रविंद्र भांडवा, कुलदीप साहब दगड़ौली व आनंद साहब आदि मौजूद रहे।

केवाईसी अपडेट फ्रॉड के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

भिवानी। थाना साइबर क्राइम भिवानी की टीम के विष्णु कुमार ने अपनी टीम के साथ थाना बवानी खेड़ा के प्रबंधक उप निरीक्षक सुरेश कुमार के सहयोग से बवानी खेड़ा स्थित गवर्नमेंट गर्ल कॉलेज, गवर्नमेंट गर्ल स्कूल तिगड़ाना तथा बीके इंटरनेशनल स्कूल, बवानी खेड़ा में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान विद्यार्थियों एवं आमजन को केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाली साइबर धोखाधड़ी के तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आरोपी बैंक कर्मचारी, बैंक अधिकारी या किसी सरकारी अथवा वित्तीय संस्थान का प्रतिनिधि बनकर लोगों से संपर्क करते हैं उनसे जानकारी ले लेते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295154800, 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

जनभागीदारी से ही तोशाम बनेगा प्रदेश में रॉल मॉडल : एसडीएम

तोशाम। एसडीएम संदीप कुमार ने कहा कि कस्बे को स्वस्थ, स्वच्छ तोशाम, अभियान का मुहीम के रूप में कार्य किया जा रहा है। जिसमें तोशाम को जाम मुक्त, हरा-भरा और स्वस्थ व स्वच्छता के जरिए तोशाम को प्रदेश में एक रोल मॉडल बनाने की ओर अग्रसर किया जा रहा है। इस मुहीम में चौधरी सुरेंद्र सिंह चौक से हिसार रोड़ पर जल्द ही पट्टीया लगाई जाएंगी। बता दें कि यह रोड राजस्व विभाग से मिली जानकारी अनुसार लगभग 70 से 96 फूट चौड़ा है, जल्द ही इस रोड़ के दोनों तरफ पीली व लाल पट्टी लगाई जाएंगी। इसमें जनप्रतिनिधि, व्यापारी और तोशाम के आमजन पूरा सहयोग प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को दे रहे हैं।

बिना जांच आरोप लगाना निंदनीय, सवालों के घेरे में चिकित्सक की भूमिका : राजीव

नंदीशाला सेवा दल ने डीसी को सौंपा ज्ञापन दो दिन में कार्रवाई न होने पर धरने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

जिले में नंदियों के स्वास्थ्य और देखरेख को लेकर नंदीशाला सेवा दल और पशुपालन विभाग के बीच विवाद गहरा गया है। नंदीशाला में लगभग 100 नंदियों के खुरों में गंभीर घाव होने के बाद शुरू हुआ मामला अब अधिकारियों की कथित लापरवाही एवं संगठन पर लगे आरोपों तक पहुंच गया है। मंगलवार को नंदीशाला सेवा दल की समस्त कार्यकारिणी ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष विभागीय जांच और कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी कि दो दिनों के भीतर उचित कदम नहीं उठाए तो नंदीशाला सेवा दल व गोसेवक अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करने को विवश होंगे।


भिवानी। डीसी को ज्ञापन सौंपने जाते नंदीशाला सेवा दल के पदाधिकारी व सदस्य।

100 नंदियों के खुरों में घाव

उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में सेवा दल के पदाधिकारियों ने बताया कि वे पिछले चार वर्षों से अधिक समय से नंदीशाला में नंदियों की सेवा, हरा चारा, दाना और अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित कर रहे हैं। चार वर्ष पूर्व नंदीशाला की स्थिति इतनी बदहाल एवं दयनीय थी कि स्थानीय लोग इसे मृतशाला कहकर बुलाते थे। गोसेवकों, दानदाताओं और आमजन के आर्थिक व शारीरिक सहयोग से आज नंदीशाला में लगभग एक हजार नंदियों की नियमित सेवा और देखभाल की जा रही है। सेवा दल के सचिव राजीव मित्तल ने बताया कि हाल ही में नंदीशाला में करीब 100 नंदियों के खुरों में घाव होने की गंभीर समस्या उत्पन्न हुई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सेवा दल ने 6 अक्टूबर को उपनिदेशक पशुपालन विभाग को विधिवत लिखित पत्र भेजा था और घायल नंदियों के त्वरित उपचार के लिए पशु चिकित्सकों की विशेष टीम भेजने की मांग की, लेकिन मदद एवं समाधान मुहैया करवाने की बजाय विभाग के उपनिदेशक ने उल्टा सेवा दल पर ही साफ सफाई की उचित व्यवस्था नहीं रखने का ठीकरा फोड़ दिया। उन्होंने बताया कि पशुपालन विभाग के उपनिदेशक द्वारा लगाए तथ्यहीन एवं बेबुनियाद आरोपों से हमारी कार्यकारिणी, गोसेवकों एवं दानदाताओं को गहरी मानसिक व भावनात्मक ठेस पहुंची है।